प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

## जयशंकर–पाकिस्तान

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि पाकिस्तान से आतंकवादी संगठन खुलेआम अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद एक खुला कारोबार है जिसका समर्थन, वित्त पोषण और इस्तेमाल पाकिस्तानी सेना और सरकार कर रही है। एक जर्मन अखबार को दिए साक्षात्कार में डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत ने आतंकवादियों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि आतंकी हमलों के लिए उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के जवाबी कार्रवाई पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने नपा–तुला और सटीक प्रहार किया।

## अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण बन गई है। आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए कतर में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि भारत किसी भी आतंकी हमले का जवाब सख्ती और निर्णायक तरीके से देगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ एक मिसाल बन गया है।

*पहलगाम टेरेरिस्ट अटैक में जो 26 निर्दोष भारतीयों की जानें गई है उनकी निंदा आज पूरी दुनिया कर रही है और हमारा डेलीगेशन जो अलग–अलग राजनीतिक दलों, अलग–अलग विचारधाराओं लेकिन एक संदेश लेकर एक जुट होकर पूरी दुनिया जा रहे हैं और भारत ने स्पष्ट कर दिया है ट्रेड और टैरर दोनों इक्टठे नहीं चल सकते हैं और कतर में जो दो दिनों में हमने बैठक में हमने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ ये जंग कड़ी और कड़े प्रहार होते रहेंगे अगर कोई कदम पकिस्तान की ओर से उठाया गया या हमला किया गया तो और निर्णायक हमला भी होगा।*

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि जब तक हरियाणा और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड बकाया एरियर भुगतान संबंधी शपथ पत्र सुप्रीम कोर्ट में दायर नहीं करते तब तक राज्य सरकार किशाऊ बांध निर्माण को लेकर अपनी सहमति नहीं देगी। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों को हिमाचल के पानी का लाभ मिल रहा है। मगर प्रदेश के हितों की सुनवाई नहीं हो रही है।

*बी बी एम बी का एरियर 11 साल से फंसा है। सी आर पाटिल के साथ मेरी मुलाकात हुई। किशाउ बांध पर वह बातचीत करना चाहते थे किशाउ बांध की बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमाचल उसमें अड़ंगा न अड़ाए। मैंने कहा पहले जो 11 साल से हिमाचल की जनता का जो पैसा फंसा पड़ा है उसका ऐफेडेबिट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करें सुप्रीम कोर्ट ने हमे अवार्ड किया है उसके बाद हम किशाउ बांध की बात करेंगे।*

## राजेश धर्माणी

प्रदेश सरकार ने शिमला के तारा देवी क्षेत्र को ग्रीन एरिया घोषित किया है। अब इस क्षेत्र में कोई नया निर्माण नहीं होगा जो निर्माण हुआ है उसको भी सिर्फ उसी तर्ज पर रिपेयर किया जाएगा। ग्राम व नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने शिमला में बताया कि कुल्लू और धर्मशाला के कुछ क्षेत्रों में भी ग्रीन एरिया घोषित किए जायेगे ताकि प्रदेश की हरियाली बनी रहे।

*राजेश धर्माणी*

*तारादेवी का हमारा डवेल्पमेंट प्लान है उसके मुताबिक उसका मकसद यही है कि जो ग्रीनरी तारा देवी की पहाड़ियों पर है वह बरकरार रहे। वरना ये कंकरीट का जंगल बनकर रह जाएगा तो उसके मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है कि हम एक रीजनल प्लान भी बना रहे हैं जिसमें तीन जिला हमारे यहां सबसे ज्यादा एक्टिविटीज बढ़ रही है उसमें शिमला है कल्लू है कांगड़ा है और जैसे–जैसे पैसे उपलब्ध होंगे उसके आधार पर फिर हम कोशिश कर रहे हैं कि पूरे हिमाचल का एक रीजनल प्लान और फिर डवेल्पमेंट प्लान बनाया जाए।*

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा है कि प्रदेश में पहली जून से 500 एम एल पानी की प्लास्टिक बोतलों पर प्रतिबंध रहेगा। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लिए गए इस महत्वपूर्ण कदम की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को इसके दृष्टिगत व्यापक जन जागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा प्रबोध सक्सेना ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी पर्यटक वाहनों सहित निजी परिवहन व टैक्सियों में गारबेज बिन को लेकर जारी दिशा–निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित बनाने को भी कहा।

## ड्राइवर–कंडक्टर यूनियन

एच आर टी सी ड्राइवर–कंडक्टर यूनियन ने प्रदेश सरकार से लंबित देनदारियों को जल्द देने की मांग की है। यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने कहा कि ड्राइवर और कंडक्टर के ओवरटाइम की लगभग 97 करोड़ रूपए की राशि अभी लंबित है। उन्होंने कहा कि एच आर टी सी की कर्मशालाओं में स्पेयर पार्टस की कमी है जिसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने पेंशनरों को समय पर पेंशन देने की मांग भी सरकार से की है।

.....................